

परेशानी | समय पर नहीं मिल रहे सिलेंडर

## बढ़ते रसोई गैस के दामों ने घरों का बजट बिगाड़ा

**नवभारत, जबलपुर।** शहर में घरेलू गैस सिलेंडर की सप्लाई को लेकर लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। कई क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे घरों की रसोई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। लोगों का कहना है कि बुकिंग कराने के कई दिन बाद भी डिलीवरी नहीं हो रही, जबकि एजेंसी कार्यालयों के चक्कर लगाने के बाद भी स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा। शहर के कई इलाकों में उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। सुबह से लाइन में लगने के बावजूद कई लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। खासतौर पर मध्यम वर्ग और दैनिक मजदूरी करने वाले परिवारों पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि पहले से बढ़ती महंगाई ने




घरेलू बजट बिगाड़ रखा है, ऊपर से गैस संकट ने परेशानी और बढ़ा दी है।

### तलाश रहे दूसरे विकल्प

कुछ उपभोक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि नियमित ग्राहकों को सिलेंडर नहीं मिल रहे, जबकि बाजार में अधिक कीमत देकर आसानी से सिलेंडर उपलब्ध हो रहे हैं। इसे लेकर लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। वही महिलाओं ने कहा कि गैस समय पर न मिलने से खाना बनाने में दिक्कत हो रही है और कई परिवारों को मजबूरी में लकड़ी या दूसरे विकल्पों का सहारा लेना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि एजेंसियों की ओर से कभी सर्वर समस्या तो कभी सप्लाई कम होने का हवाला दिया जाता है, लेकिन स्थिति में सुधार नजर नहीं आ रहा। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस वितरण व्यवस्था की जांच कर नियमित सप्लाई सुनिश्चित की जाए ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

### बढ़ रही है लोगों की चिंता

वहीं इस मामले को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि सप्लाई व्यवस्था को सुधारने के प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है। बावजूद इसके आम लोगों की चिंता लगातार बढ़ती दिखाई दे रही है।

### इनका कहना है



घरेलू गैस के दाम बढ़ने से लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। महंगाई ने पहले ही कमर तोड़ रखी है।

**महफूज अन्सारी**



महंगी होती गैस ने आम परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है। कीमत कम होने का इंतज़ार है।

**राहुल विश्वकर्मा**

## चाची के हत्यारे भतीजे को आजीवन कारावास

**जबलपुर।** बेलखेड़ा के ग्राम सुन्दरादेही में भाभी-देवर के बीच हुए विवाद के बाद घर पहुंचे भतीजे ने चाची की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी थी। उक्त मामले में पाटन अपर सत्र न्यायाधीश स्वयं प्रकाश दुबे की अदालत ने आरोपी भतीजे संतोष सिंह लोधी को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी को आजीवन कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अदालत को विशेष लोक अभियोजक संदीप जैन ने बताया कि ग्राम सुन्दरादेही में बाराती लोधी ने अपनी माँ से पंद्रह हजार रुपये उधार लिये थे। जिसको लेकर उसकी भाभी गौरा बाई उससे विवाद करने लगी। जिस पर बाराती सिंह ने अपनी भाभी गौरा बाई को धक्का दे दिया, जिससे वह गिर पड़ी। इसके बाद बाराती सिंह अपनी ससुराल चला गया। इसी दौरान दोपहर ढाई बजे के लगभग गौरा बाई का लडक़ा 27 वर्षीय संतोष सिंह पिता मुन्ना लोधी खेत से घर पहुंचा, जिसके हाथ में कुल्हाड़ी थी।

## 1 करोड़ 70 लाख की लागत से होंगे विकास कार्य : महापौर

**दीवार आधार सिंह वार्ड को मिली कई सौगातें**



**नवभारत,जबलपुर।** दीवार आधार सिंह वार्ड में बुनियादी ढांचे की मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। दीवान आधार सिंह वार्ड के नागरिकों के लिए शुक्रवार का दिन बड़ी सौगातें लेकर आया, जहाँ महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' और केन्ट विधानसभा क्षेत्रीय के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी की उपस्थिति में 1 करोड़ 70 लाख रूपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भव्य भूमिपूजन संपन्न हुआ।

### लंबे समय से चली आ रही थी मांग

क्षेत्रीय नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही माँगों को प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों को हरी झंडी दिखाई गई है, महापौर मद से 30 लाख की लागत से पचपेढ़ी मंदिर की बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराया जाएगा। जलभराव की समस्या से स्थाई निजात दिलाने के लिए निगम मद से 50 लाख की राशि से नाला निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है। वार्ड के दो प्रमुख स्थानों पर 15-15 लाख की लागत से नई सड़कों का निर्माण होगा। पार्षद मद से 60 लाख की लागत से वार्ड के विभिन्न आंतरिक हिस्सों में रोड और नाली निर्माण के कार्यों को गति दी जाएगी। लंबे समय से प्रतीक्षित विकास कार्यों की शुरुआत होने से स्थानीय नागरिकों में भारी उत्साह और हर्ष का माहौल है। नागरिकों ने इस सकारात्मक पहल के लिए महापौर, विधायक और नगर निगम प्रशासन का सहृदय आभार व्यक्त किया है।

भूमिपूजन के अवसर पर निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य विवेक राम सोनकर, स्थानीय पार्षद शरद श्रीवास्तव, प्रभात चैबे, गुड्डा डेविट, विजय शंकर शुक्ला, अजय, संदीप चक्रवर्ती, आकाश रजक, दीपक गर्ग सहित नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी और भारी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## निगमायुक्त ने अधारताल संभाग के वार्डों का किया दौरा

**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम द्वारा शहर में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से साफ-सफाई का कार्य लगातार किया जा रहा है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आधारताल संभाग के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों का बारीकी से निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान निगमायुक्त ने वार्डों में साफ-सफाई की स्थिति को देखा और स्वच्छता कर्मियों को नियमित रूप से कचरा उठाने तथा सड़कों की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त देवेन्द्र चैहान, सहायक आयुक्त अंकिता बर्मन, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव मुख्य स्वच्छता निरीक्षक मोनिका तुकाराम, दीप्ति चौधरी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## नर्मदा नदी से अवैध रेत उत्खनन व मछली पकड़ने पर रोक

**मछुआरा कल्याण एवं मत्स्य विभाग सहित अन्य से जवाब तलब**

**नवभारत, जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक अहम आदेश से नर्मदा नदी के अवैध रेत उत्खनन और अवैध मछली पकडऩे पर रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले में मछुआरा कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग, कलेक्टर, एसपी ईओडब्ल्यू, जिला माइनिंग अधिकारी व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। यह जनहित का मामला जबलपुर निवासी अभिषेक कुमार सिंह की ओर से दायर किया गया है। जिसमें नर्मदा और खिरहनी घाट में अवैध रेत खनन और माहसीर मछली पकडऩे को चुनौती दी गई है। दायर मामले में कहा गया कि माहसीर को राज्य मछली का दर्जा प्राप्त है। नर्मदा और खासतौर पर खिरहनी घाट इस का अवैध रूप से मत्स्याखेट हो रहा है। खासतौर पर ब्रीडिंग के मौसम में माहसीर मछली को पकडऩे पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए, क्योंकि एक रिपोर्ट के अनुसार लगातार आखेट के कारण मछली की यह प्रजाति विलुप्त हो रही है। इसके संरक्षण के प्रयास के बावजूद अवैध मत्स्याखेट और अवैध रेत खनन के कारण माहसीर प्रजाति पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। इसके साथ ही न्यायालय को बताया गया कि खिरहनी घाट में प्रशासन ने 6 मार्च 2026 को 2 हाईवा और अवैध रेत भंडारण को जब्त किया था। इसकी सुपुर्दगी खिरहनी के उप सरपंच राजेन्द्र यादव द्वारा की गई थी। इस पर क्षत्री यादव और उसके भाई ने उप सरपंच को धमकी दी। इतना ही नहीं, उसी रात जब्त की गई अवैध रेत को क्षत्री यादव ने चुरा लिया। नामदज रिपोर्ट के बावजूद इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने पक्ष रखा।

### आयुष चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती पर रोक

मप्र हाईकोर्ट ने आयुष चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती में संविदा अधिकारियों को पचास फीसदी आरक्षण का लाभ न दिये जाने मामले को गंभीरता से लिया। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले में अपने अंतरिम आदेश से भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही आयुष विभाग के प्रमुख सचिव, मप्र लोक सेवा आयोग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। दरअसल यह मामले जबलपुर निवासी डॉ. सौरभ चौरसिया, सीहोर निवासी डॉ. अजय अवस्थी सहित 78 संविदा आयुष अधिकारियों की ओर से दायर किये गये है। जिसमें उन्हें भर्ती प्रक्रिया में शामिल करने की मांग की गई है। आवेदकों की ओर से कहा गया कि 11 मार्च 2025 की अधिसूचना के तहत पांच वर्ष की निरंतर सेवा पूरी करने वाले सभी संविदा आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी चिकित्सा अधिकारियों को नियमित भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। याचिकाकर्ताओं को केवल इस आधार पर वंचित किया जा रहा है कि वे समकक्ष पद पर नहीं हैं। आवेदकों की ओर से कहा गया कि कई याचिकाकर्ता 10 वर्ष से भी अधिक समय से संविदा पर कार्यरत हैं। नियम में यह प्रावधान भी है कि प्रत्येक संविदा अधिकारी को हर वर्ष के 3 प्रतिशत (अधिकतम 15 प्रतिशत) और कार्य करने के वर्ष की आयु सीमा (अधिकतम 55 वर्ष) की छूट दी जाएगी। याचिकाकर्ता उक्त सभी पात्रता पूरी करते हैं, इसके बावजूद उन्हें भर्ती प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जा रहा है। सुनवाई पश्चात न्यायालय ने उक्त अंतरिम आदेश देते हुए अनावेदकों से जवाब तलब किया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ ने पक्ष रखा।



## दोपहर की आग रात तक धधकती रही

**नवभारत, जबलपुर।** गोसलपुर थाना अंतर्गत खिन्नी रोड स्थित पेट्रोल पंप के पीछे भूसे के ढेर, नरवाई से बने रोल में शुक्रवार दोपहर लगी आग रात्रि करीब साढ़े दस बजे तक धधकती रही। सूचना पर नगर नगर जबलपुर समेत कटंगी, पनागर, सिहोरा के दमकल वाहन आग पर काबू पाने में जुटे रहे। देर रात तक पर आग बुझाने फायर बिग्रेड की टीमें मशक्कत करती रही। जानकारी के मुताबिक गोसलपुर स्थित खिन्नी रोड में ईको बयोमास फ्यूल प्लांट है जहां भारी मात्रा में भूसे व नरवाई से बने रोल के गट्ठे रखे हुए थे। शुक्रवार को श्रमिक काम कर रहे थे तभी दोपहर करीब 12:50 बजे अचानक अज्ञात कारण से भूसे के ढेर में आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग के गुब्बारे और धुआं दूर तक दिखाई दे रहा था। अग्नि हादसे की सूचना मिलते ही नगर निगम दमकल विभाग से तीन, सिहोरा, पनागर, कटंगी से एक-एक फायर बिग्रेड की गाड़ियां पहुंची। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर कंट्रोल कर लिया गया लेकिन देर रात तक आग धधकती रही। बताया जाता है कि जहां आग लगी उसके पीछे पेट्रोल पंप है जबकि समीप ही गैस गोदाम है। जिसके मद्देनजर पुलिस, प्रशासनिक टीमें अलर्ट मोड में रही।

## घर में घुसकर वृद्धा के गले में झपट्टा मारकर सोने का मंगलसूत्र लूटा

**नवभारत, जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत बेदीनगर में शातिर बदमाश ने घर में घुसकर 70 वर्षीय वृद्धा के गले से करीब 40 हजार रुपये कीमती सोने का मंगलसूत्र झपटकर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि बेदीनगर निवासी प्रमोद यादव (52) ने की 70 वर्षीय मां राजकुमारी यादव घर पर थीं। जब वे अपने कमरे के पास खड़ी थीं। इसी दौरान



अचानक एक अज्ञात युवक घर में दाखिल हुआ। आरोपी ने वृद्धा के गले पर झपट्टा मारकर सोने का मंगलसूत्र छीन लिया। गले से मंगलसूत्र खिंचते ही बुजुर्ग महिला ने शोर मचाना शुरू किया मां के चिल्लाने की आवाज सुनकर बेटा प्रमोद तुरंत मौके पर पहुंचा। उन्होंने हरी शर्ट और काला पैंट पहने एक लड़के को घर से बाहर भागते देखा। आरोपी पीड़ित परिवार के सामने ही दौड़ लगाकर रफूचक्कर हो गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस की एक टीम घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

## धर्म नहीं बदलने पर महिला कर्मी को स्कूल से निकाला, सेन्ट अलायसियस स्कूल रिमझा में धर्मान्तरण का मामला

**छात्रा का आरोप, हिन्दुवादी संगठन ने घेरा एसपी ऑफिस**

**नवभारत,जबलपुर।** रिमझा स्थित सेन्ट अलायसियस स्कूल में धर्म नहीं बदलने पर एक महिला कर्मचारी को स्कूल से बाहर निकाल दिया गया। धर्मान्तरण का मामला सामने आने के बाद हिन्दुवादी संगठन ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव कर दिया और कार्यवाही की मांग करते



हुए शिकायत अति. पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा को सौंपी। उन्होंने जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

जानकारी के मुताबिक रिमझा स्थित सेन्ट अलायसियस स्कूल में दीपा पटेल कर्मचारी थी। उन्होंने गंभीर आरोप लगाये है कि उन्हें आए दिन धर्मान्तरण के लिए परेशान किया जाता था जब उन्होंने ईसाई बनने से मना कर दिया तो उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया। इसके बाद वे सीधे हिन्दु धर्म सेना के प्रदेश अध्यक्ष नीरज राजपूत से मिली और आपबीती सुनाते हुए पूरे मामले से अवगत कराया। सेन्ट अलायसियस स्कूल में धर्मान्तरण का मामला सामने आने के बाद हिन्दु धर्म सेना में आक्रोश व्यक्त किया है। जिन्होंने पुलिस अधीक्षक के नाम अति. पुलिस अधीक्षक को शिकायत सौंप कर इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करने और दोषियों पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की। इस मौके पर संस्थापक योगेश अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष नीरज राजपूत, मुकेश रजक, अरविंद बाबा, अविनाश सुखदान, भरत पासी, अनिल ठाकुराशी, आशीष कुर्रे, राकेश कुमार, राजेश कुमार, अभय राजपूत, कार्तिक, आदि उपस्थित रहे।

## वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के प्रयासों से प्वाइंट्स मैन कर्मचारियों को मिली सफलता

**जबलपुर, नवभारत।** भारतीय रेलवे के पॉइंट्समैन कर्मचारियों के लिए शुक्रवार को एक बड़ी और खबर सामने आई लंबे समय से अपनी पदोन्नति की समस्याओं से जूझ रहे इन रेलकर्मियों को अब करियर में आगे बढ़ने का बड़ा अवसर मिलेगा। अब तक पॉइंट्समैन कर्मचारियों के पास पदोन्नति के नाम पर केवल लेवल 1 से लेवल 2 तक जाने का ही सीमित विकल्प उपलब्ध था, जिससे उनके करियर की प्रगति थम सी गई थी। इस गंभीर समस्या को देखते हुए वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने रेलवे बोर्ड स्तर पर पुरजोर तरीके से आवाज उठाई। संघ के महामंत्री अशोक शर्मा ने एनएफआईआर के महामंत्री डॉ. एम. राघवैया के साथ मिलकर विभिन्न उच्च स्तरीय बैठकों में पॉइंट्समैन की इस पीड़ा को प्रमुखता से रखा। संघ के इस निरंतर संघर्ष और ठोस पैरवी का परिणाम सुखद रहा है। संघ प्रवक्ता सतीश कुमार ने बताया कि रेलवे प्रशासन ने एनएफआईआर और डब्ल्यूसीआरएमएस की जायज मांग को स्वीकार करते हुए पॉइंट्समैन कर्मचारियों के लिए रिस्ट्रक्चरिंग का महत्वपूर्ण आदेश जारी कर दिया है।

### ये है आदेश

इस नए आदेश के लागू होने से अब हजारों रेलकर्मियों को लेवल 5 तक पदोन्नति पाने का सीधा रास्ता मिल गया है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि ये कर्मचारी अब ग्रेड पे 2800 तक पहुँच सकेंगे। इस उपलब्धि से रेल कर्मियों के बीच खुशी की लहर है। इस सफलता पर वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के मंडल अध्यक्ष एस.एन. शुक्ला, मंडल सचिव डी.पी. अग्रवाल, संयुक्त महामंत्री संदीप श्रोती और संघ प्रवक्ता सतीश कुमार ने हर्ष जताया है। साथ ही महिला उपाध्यक्ष सविता त्रिपाठी, हर्ष वर्मा, रोशन यादव, संतोष त्रिवेणी, संजय चौधरी, आर.ए.सिंह, योगेन्द्र सिंह, भूपत सिंह, अनिकेत कुमार और सुधीर कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने इसे रेल कर्मचारियों के संघर्ष की एक बड़ी जीत करार दिया है।

## लापता युवक की मिली लाश, हत्या की आशंका

**शरीर में मिले चोट के निशान छानबीन में जुटी पुलिस**

**नवभारत,जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत कटरा बेलखेड़ा शिव प्रसाद के खेत में शुक्रवार को लापता युवक की लाश पड़ी मिली। मृतक के शरीर में चोट के निशान मिले है जिसके चलते हत्या की आशंका जाहिर की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस, एफएसएल टीम मौके पर पहुंच गई थी और घटना स्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर छानबीन कर रही है। पुलिस के मुताबिक देवी सिंह लोधी 32 वर्ष निवासी धमनी पाटन का किसान है। गुरूवार को उसका भाई जीवन सिंह 30 वर्ष निवासी ग्राम धमनी का पत्नी का इलाज कराने राम डाक्टर कटरा के पास गया था पत्नी को वहां कटरा में छोड़कर मोटर सायकल भी वहीं पर छोड़कर शाम लगभग 6 बजे पैदल कहीं चला गया था। परिजनों ने जीवन सिंह की तलाश किये नही मिला। शुक्रवार को भांजा नीलेश सिंह लोधी निवासी कटरा का खेत पहुंचा तो जीवन सिंह का शव कटरा के कोटवार के खेत में पड़ा मिला। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। जीवन सिंह की गर्दन में, आंख के पास, दाहिने हाथ में चोट के निशान मिले है। टीआई भूपेन्द्र सिंह राजपूत का कहना है कि मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## भावेश हत्याकांड : कातिल पुलिस गिरफ्त से दूर

**नवभारत, जबलपुर।** गोहलपुर थाना अंतर्गत समता कॉलोनी में बुधवार रात्रि मारपीट का बदला लेने हुई भावेश उर्फ पप्पू वीरानी की हत्या के आरोपित अब तक पुलिस गिरफ्त से दूर है। पुलिस टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है लेकिन अब तक ऐसा कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लग पाया है जिसके सहारे आरोपियों तक पहुंचा जा सके। हालांकि पुलिस का दावा है कि कुछ क्लू मिले है, जल्द ही आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे। विदित अम्बेडकर कालोनी गोहलपुर निवासी भावेश उर्फ पप्पू वीरानी 19 वर्ष का दोस्त सत्यम सोनी एवं आयुष सोनी के साथ समता कॉलोनी में बुधवार रात्रि खड़ा था तभी पुरानी रंजिश के चलते शिवा चौधरी, आयुष रजक, अरूण रजक पहुंचे और मारपीट कर दी इसके बाद चाकुओं से हमला कर दिया। हमले में भवेश को चेहरे, गले समेत शरीर में कई जगह चोटें आई। हमले में गंभीर रूप से घायल होने के बाद भावेश को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हत्या छह महीने पहले मृतक भावेश वीरानी द्वारा अरुण और उसके साथियों के साथ मारपीट करने का बदला लेने की गई थी। पुलिस हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। संभावित ठिकानों पर दे रही है।

निरीक्षण | देर रात कलेक्टर अचानक खरीदी केंद्रों का जायजा लेने पहुंचे

## गेहूं के ढेर खुले में, सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था नहीं, केंद्र प्रभारियों को नोटिस

**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह स्वयं खरीदी केंद्रों का अचानक निरीक्षण करने पहुंच गए। गुरुवार को देर रात जबलपुर-कटंगी मार्ग पर गरेंहा में शकुन वेयर हाउस स्थित खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया और किसानों द्वारा लाये गये गेहूं की सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था नहीं किये जाने पर केंद्र प्रभारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह रात लगभग 12 बजे खरीदी केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे थे। एसडीएम पाटन मानवेन्द्र सिंह भी कलेक्टर द्वारा निरीक्षण करने की सूचना मिलने



मौके पर पहुंच थे। कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान खरीदी केंद्र परिसर में कुछ गेहूं के ढेर खुले में रखे दिखाई देने पर अप्रसन्नता व्यक्त की। हालांकि यह गेहूँ किसानों द्वारा विक्रय करने उपार्जन केंद्र लाया गया था। उन्होंने मौके पर ही खरीदी केंद्र प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश एसडीएम पाटन को दिये। कलेक्टर सिंह ने मौसम को देखते हुये किसानों से खरीदे गये गेहूँ के सुरक्षित भंडारण के निर्देश दिये। उन्होंने किसानों द्वारा उपार्जन केंद्र पर विक्रय करने लाए गये गेहूं की सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान देने की हिदायत दी।

### बिचौलिये न कर पाये गड़बड़ी

विदित हो कि गेहूं उपार्जन में किसानों को असुविधा न हो और बिचौलिये इस व्यवस्था का किसी भी तरह अनुचित लाभ न उठा सके इसे सुनिश्चित करने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उपार्जन केंद्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

## बालाघाट से जबलपुर पहुंचे अधेड़ को लगी लू, मौत

**नवभारत,जबलपुर।** कुंडम थाना अंतर्गत करोंदी में काम के सिलसिले में बालाघाट से जबलपुर पहुंचा एक अधेड़ लू की चपेट में आ गया और उसकी अचानक तबियत बिगड़ गई। आनन में फानन में उसे इलाज के लिए कुंडम अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को संदीप घोनाड़े 27 वर्ष निवासी श्रीराम मंदिर चौक रामपायली जिला बालाघाट ने सूचना दी वह तेंदुपत्ता के गोदाम में मजदूरी करता है, उसके मामा आत्माराम नेवारे 8 मई को काम करने के लिये अपने गांव के ईश्वर दयाल महार के साथ कुण्डम जबलुपर क्षेत्र बीडी पत्ता इकठ्ठा करने के लिये आये थे। करोंदी आंगनबाड़ी केन्द्र में रूके थे। गुरूवार को मामा आत्माराम नेवारे की अचानक तबियत खराब हो गयी लू लग गई है खाना भी नहीं खाये थे। मामा की तबियत अधिक खराब होने से एम्बुलेंस से करोंदी से कुण्डम अस्पताल लेकर गये जहां डाक्टर ने चैक कर उसके मामा आत्माराम नेवारे 50 वर्ष निवासी रामपायली जिला बालाघाट को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।